मं म सां मं म
मप निसारिं ग्‌ं – रिं सां, रिं रिं सांनिसां, नि्‌धपमग; ग्‌ – रि, रिमपधनि्‌–, धप मपनिसांरिं ग्‌ं, रिं सांनि्‌धपमप, ग्‌ – रि,

मं म म म
रिसाग्‌रिमगपम धपनि्‌ध सांनि्‌रिं सांग्‌ं–, रिं सांनि्‌धपमग्‌–, रि, प, ग्‌रि, रिमगध, ग्‌रि, ग्‌सारिपमप.

मुक्त तानें

नि्‌ सा रिग्‌रिसानि्‌सा. रिग्‌मग्‌ रिसा नि्‌ सा. नि्‌ सारिग्‌रिसा रिग्‌मपमग्‌रिसानि्‌ सा. पपमग्‌रिसानि्‌ सा. पपमग्‌रिसारिमपनि्‌ धप मग्‌रिसा नि्‌ सारिग्‌रिसा रिमगनि्‌धप मग्‌रिसा. रिग्‌रिसानि्‌ सा धनि्‌धप मग्‌रिसानि्‌ सा. रिग्‌मपधनि्‌सांनि्‌ धपमग्‌रिसा नि्‌ सा. रिग्‌रिसा धनि्‌धप सांनि्‌धप मग्‌रिसा. ग्‌रिपमधप नि्‌ध सांनि्‌धपमग्‌रिसा. मग्‌रिसानि्‌ सा सांनि्‌धपमग्‌रिसानि्‌ सा. रिग्‌मपधनि्‌सांरिं सांनि्‌धपमग्‌रिसा. रिं रिं सांनि्‌ धपमग्‌रिसानि्‌सा. रिग्‌मपधनि्‌सांरिं ग्‌ं रिं सांनि्‌धपमग्‌रिसानि्‌सा. रिं ग्‌ं रिं सांरिं सां नि्‌सांनि्‌ धनि्‌ध पधप मपम ग्‌मग्‌ रिग्‌रि रिग्‌मगधनि्‌धप धनि्‌सांरिं ग्‌ं रिं सांनि्‌धप मग्‌रिसानि्‌सा. रिग्‌रिसा धनि्‌धप रिं ग्‌ं रिं सांनि्‌धपम पधनि्‌सांरिं मंग्‌ं रिं सांनि्‌धपमग्‌रिसा. सारिग्‌ रिग्‌म ग्‌मप मपध पधनि्‌ धनि्‌सां निसांरिं सांरिं ग्‌ं रिं ग्‌ंरिं सांरिं सांनि्‌ सांनि्‌ धनि्‌ध पधप मपम ग्‌मग्‌ रिग्‌रि रिग्‌मप धनि्‌सांरिं ग्‌ं रिं सांनि्‌ धपमग्‌ रिसानि्‌सा.

सरगम

मात्रा विभाग १६ | त्रिताल | ताली विभाग १, ५, १३ खाली ९

								सा	रि	रि	ग्	–	रि	सा	रि
								•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			
प	–	–	म	प	म	ग्	रि	रि	नि्	ध	नि्	प	ध	म	प
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			
ग	म	नि्	प	ग्	रि	सा	नि्	सा	रि	रि	ग्	–	रि	सा	रि
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			
प	–	–	–	–	–	–	–	म	म	प	प	नि	नि	सां	–
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			
रिं	ग्ं	रिं	सां	रिं	नि	सां	–	रिं	सां	नि्	ध	प	म	ग	म
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			
नि्	ध	प	म	ग्	रि	सा	नि्	सा	रि	रि	ग्	–	रि	सा	रि
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			

सरगम

मात्रा विभाग १२. एकताल ताली विभाग, १, ५, ९, ११ खाली ३-७.

प	-	म ग्	रि	रि	ग्	म	प	म	प	-	प
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	
म	ग	म	प	नि्	प	ग	म	ग्	रि	-	रि
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	
ध	-	ध	नि्	प	ध	नि्	सां	ध	नि्	ध	प
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	
प	ग	म	प	नि्	प	रि	ग्	सा	रि	नि्	सा
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	

झपताल

मात्रा विभाग ६ — दादरा — ताल बिभाग १, ४,

सा	रि	ग्	रि	ग्	सा	रि	म	प	म
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		२			०		८		

प	–	म	ग	म	प	ध	म ग्	–	रि
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		२			०		८		

म	प	नि	सां	रि'	रि'	नि़	ध	म	प
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		२			०		८		

ग	म	नि़	प	म ग्	रि	रि	रि	नि़	सां
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		२			०		८		

राग काफ़ी

त्रिताल

गीत

स्थाई—बार बार समझाय रही मैं
मान ले रे मन्न मेरी कही को :—

अंतरा १—दुख सुख जो बीते सो बीते
याद न कर बरबाद वही को.

,, २—एक ही ब्रह्म पूर्ण सब जग में
छोड़ कपट की गांठ गही को.

,, ३—"जानकीदास" सुमर श्रीरघुबर
गई सो गई अब राख रही को.

स्थाई

प	—	ग	म	ग	म	नि्	प	(म) ग्	रि	(म) ग्	रि	नि्	स	रि ग्	सारि
बा	•	र	बा	•	र	स	म	झा	•	य	र	ही	०	मैं ०	० ०
×				५				०				१३			

नि्	(प) ध	प	म	ग	म	पधनि्-	पमप -	(म) ग्	रि	(म) ग्	रि	नि्	सा	रि ग्	सारि
बा	•	र	बा	•	र	स ••-	म•• -	झ	•	य	र	ही	•	मैं •	• •
×				५				०				१३			

ध प	निं्	(पं) ध	प	ग	म	धपनि्ध	पमनि्प	(म) ग्	रि	(म) ग्	रि	नि्	सा	रिग्	सारि
बा •	•	र	बा	•	र	स•••	ग •••	झा	•	य	र	हीं	•	मैं•	••
×				५				०				१३			

सारि	मप	धनि्	प	ग	म	रिमपध	पमनि्प	(म)ग्	रि	(म)ग्	रि	नि्	सा	नि्सरिग्	रिसरि-
वा •	• •	र •	वा	•	र	स • • •	म • • •	जा	•	य	र	ही	•	मैं • • •	• • •
×				५				०				१३			

नि्ध	(सं)नि्		ध	नि्ध	सां	नि्	प	ग	म	पनि्	पमप-	ग् रि	(म)ग्	रिस	• रि
मा •	•	न •	ले	• •	रे	म	न	मे	•	री •	क • • -	ही •	•	को •	•
×				५				०				१३			

अन्तरा

म	म	प	प	नि	–	सांनि	सां	रिं	(मं)गं	रिं	सां	रिं	नि	सां	–
दु	ख	सु	ख	जो	•	बी •	•	ते	•	से	•	बी	•	ते	•
×				५				०				१३			

सांनि	रिंनसां-	नि्	प	ग	म	पधनि्सां	पमनि्प	(म)ग्	रि	(म)ग्	रि	नि्	सा	रि ग	रिसरि-
या •	• • •	द	न	क	र	व • • •	र • • •	वा	•	द	ब	ही	•	को •	• • •
×								०				१३			

राग काफ़ी

त्रिताल

गीत

स्थाई—रंग जिन डारो मानो गिरिधारी
सास ननँद मोरी
देगी गारी, मैं हारी मानो गिरधारीः—

अन्तरा—कुंवर कन्हाई मोरी नवरंग सारी
समझत नाहीं तुम निपट अनारी
पैंया परुं मैं जाउं वारी बलिहारी
मानो गिरिधारी ॥१॥

स्थाई

मात्रा विभाग, १६. त्रिताल ताली विभाग, १, ५, १३ खाली ९.

			प	ग	म	नि्	प	मरि	ग्	रि	ग्	सा	रि	म	म
			रं	•	ग	जि	न	डा •	•	रो	मा	•	नो	गि	रि
×				५				०				१३			
प	—	प	प	ग	म	नि्	प	ग्रि	ग्	रि	ग्	सा	रि	म	म
घा	•	री	रं	•	ग	जि	न	डा •	•	रो	मा	•	नो	गि	रि
×				५				०				१३			
ध प	सांनि्	धप	प	ग	म	नि्	प	प	नि	सां	रिं	नि	सां	नि्	प
धा •	• •	री •	रं	•	ग	जि	न	सा	•	स	न	नँ	द	मो	री
×				५				०				१३			
ग	म	प	म	ग	म	पनि्	मप	मरि	ग्	रि	ग्	सा	रि	म	म
दे	•	गी	गा	•	री	मैं •	••	हा •	•	री	मा	•	नो	गि	रि
×				५				०				१३			

अंतरा

धप	नि॒	ध	प	–	–	–	–	प	पं	प	ध	म	प	नि	सां
धा०	०	री	०	–	–	–	–	कुं	व	र	क	न्हा	इ	मो	री
×				५				०				१३			

रिं	गं॒	रिं	सां	रिं	नि	सां	–	प	नि	सां	रिं	नि	सां	नि॒	प
न	ब	रं	ग	सा	०	री	–	स	म	ज	त	ना	हीं	तु	म
×				५				०				१३			

ग	म	नि॒	प	मरि	ग॒	रि	–	प	रिं	सां	रिं	नि	सां	नि॒	प
नि	प	ट	अ	ना०	०	री	–	पैं	याँ	०	प	रुं	०	मैं	०
×				५				०				१३			

ग	म	प	म	ग	म	पम	नि॒प	मरि	ग॒	रि	ग॒	सा	रि	म	म
जा	०	उं	वा	०	री	ब०	लि०	हा०	०	री	मा	०	नो	गि	रि
×				५				०				१३			

प	–	प	–												
धा	–	री	–												
×				५				०				१३			

राग काफ़ी

झपताल

गीत

स्थाई—लाल मुरलिया बजावो बजावो
बंसीके बजैया:—

अंतरा—वही तान वही ध्यान
वही गान गावो,
थै थै नचत मोरे आंगन आवो ॥

स्थाई

मात्रा विभाग १० — झपताल — ताली विभाग १, ३, ८, खाली ६

रि नि̱	सा	ग̱ रि	ग̱	सा	रि	ग	म	प	म
ला	•	ल	•	मु	र	लि	या	•	ब
×		३			०		८		
प	–	म	ग	म	पम	नि̱ प	म ग̱	रि	ग̱ रि
जा	–	वो	•	ब	जा	• •	वो	•	• •
×		३			०		८		
रि नि̱	सा	ग̱ रि		सा	ग̱ रि	ग	म	प	म
ला	•	ल •	•	मु	र	लि	या	•	ब
×		३			०		८		
ध प	सांनि̱	ध प	म ग	म	प म	नि̱ प	म ग̱	रि	ग̱ रि
जा	• •	वो •	• •	ब	जा •	• •	वो	•	• •
×		३			०		८		

म	प	नि	सां	रिं	नि	सां	निं ध	प म	निं प
बं	सी	के	●	ब	जै	●	या ●	● ●	● ●
×		३			०		८		
म ग॒	रि	रि ग॒	म	सा	ग॒ रि	ग	म	प	–
ला	●	ल ●	●	मु	र	लि	या	●	–
×		३			०		८		

अंतरा

म	प	नि	–	नि	सां	सां	रिं नि	सां	सां
व	ही	ता	●	न	व	ही	ध्या ●	●	न
×		३			०		८		
प	नि	पनि	सांरिं	सांरिं	नि	सां	निध	पम	प
व	ही	गा●	● ●	न ●	गा	●	वो ●	●●	●
×		३			०		८		
रिं	–	सां	रिं	पं	म ग॒	रिंसां	रिं	नि	सां
थै	–	थै	०	न	च	त ●	मो	●	रे
×		३			०		८		
निम	प	नि	सां	रिं	सांनि	सां	निध	पम	निप
आं●	●	ग	●	न	आ●	●	वो ●	●●	●●
×		३			०		८		

आलाप

×		३			०		८		
(रे) नि़	सा	(ग़) रे	ग़	सा	रे	ग	म	प	(ध) म
ला	०	ल	०	मु	र	लि	या	०	व
१) (म) प	–	म ग	म–प म	ग़ रे	ग़–म ग़	रि सा	रि–ग़ रि	सा नि़	सा रि
जा	–	वो ०	०–००	व ०	०–००	जा ०	०–००	वो ०	० व
२) (म) प	–	प म	़ रि	[illegible] म	ग़ रि	सा रि	– नि़	सा रि	म नि़
जा	–	वो ०	००	ऽ व	जा ०	००	–वो	००	० व
३) (ध) प	–	नि़ ध	प म	ग़ रि	– प	प म	ग़ रि	नि़ सा	रि म
जा	–	वो ०	००	००	– व	जा ०	००	वो ०	० व
४) प	–	(सां) नि़ ध नि़–	––ध प	ध–––	प म प–	––म ग़	म–––	ग़ रि ग़–	(सा) रि सा
जा	–	० ००–	––वो ०	०–––	व ००–	––जा ०	०–––	वो ० ० –	– व
५) प	–	रि सा	(सा) म रि	(रि) प म	(म) ध प	(प) सां नि़	ध प	म ग़	(सा) रि म
जा	–	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	वो ०	० व
६) प	–	सा रि	रि म	म प	प ध	ध नि़	नि़ सां	नि़ ध प म	ग रि म –
जा	–	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	वो ० ० ०	० ० व –

बोलतानें

१) प	–	म ग़ रि सा	––सां नि़	ध प ––	ग़ रि सां नि़	ध प म ग़	रि सा रि –	म प	ध नि़
जा	–	वो ० ० ०	० ० व ०	० ० ––	जा ० ० ०	० ० ० ०	० ० वो ०	० ०	० व

×		२			०		३		
२) प	–	–	ग़ म	सा	रि	ग़	म	प	सां
जा	–	–	• •	मु	र	लि	या	ब	जा
सां नि़ ध प	म ग़ रि सा	प	सां	सां नि़ ध प	म ग़ रि सा	प	सां	सां नि़ ध प	म ग़ रि सा
वो • • •	• • • •	ब	जा	वो • • •	• • • •	ब	जा	वो • • •	• • • ब
प	–	म	ग	म	प म	नि़ प	म ग़	रि	ग़ रि
जा	–	वो	•	ब	जा •	• •	वो	•	• •

तानें

प	–	ग़	ग़म	सा	रि	ग़	म	प	ध म
जा	–	वो	••	मु	र	लि	या	•	ब
१) नि़ सारिसा	सा रि ग़ रि	रि ग़ म ग़	ग़ म प म	म प ध प	प ध नि़ ध	धनि़सांनि़	सां नि़ धप	म ग़ रि सा	रि म
जा . . .	. . . .	. . . .	. . . .	. . . .	. . . .	. . . .	. . . .	. . . .	रि ब
२) प म ध प	सां	रिं रिं सांनि़	ध प म ग़	रिसानि़ सा	प म ध प	सां	रिं रिं सां नि़	ध प म ग़	रिसानि़सा
जा . . .	.	. . . .	. . . .	. . . .	. . . .	.	. . . .	. . . .	. . . .
प म ध प	सां	रिं रिं सांनि़	ध प म ग़	रिसानि़ सा	रि म	प	रि म	प	रि म
. . . .	.	. . . .	. . . .	. . . .	रे ब	जा	रे ब	जा	रे ब
प	–	ग़	ग़ म	सा	रि	ग़	म	प	ध म
जा	–	वो	. .	मु	र	लि	या	.	ब
३ सारि	गम	प	प प म ग़	रिसानि़सा	रिम	पध	नि़	सांनि़ धप	मग़ रिसा
जा .	. .	.	. . . .	. . . .	. .	. .	.	. . . .	. . . .
मप	निं सां	रिं	ग़ं रिं सांनि़	ध प म ग़	रिसानि़सा	रिम	प –	म प	– नि़
. .	. .	.	. . . .	. . . .	. . . .	. .	जा –	ब जा	– ब

×			३		०		८		
पं	-	ग्	ग् म	सा	रिं	ग्	म	प	ध म
जा	-	वो	..	मु	र	लि	या	ब	ब
४) सा रिग् ग्	रि ग् म म	ग् म प प	म प ध ध	पधनि़्नि़्	ध नि़ सां सां	नि़ सां रिं रिं	सां रिं गं रिं	सांनि़धप	म ग् रि सा
जा. . .	....	....	....	....	....	....	....	....	....
सां	सांरिंगं रिं	सांनि़धप	मग् रिसा	सां	सांरिंगं रिं	सांनि़ धप	मग् रिसा	सां	.रे म
.	....	....	....	.	....	....	....	.	मु र
प ग्	रिम	प	रि म	प ग्	रि म	प	रि म	प ग्	रि म
लि या	. ब	जा	मु र	लि या	. ब	जा	मु र	लि या	. ब
५) सा	प	सां	सांरिंगं रिं	सांनि़धप	मग् रिसा	सा	प	सां	सांरिंगं रिं
जा	.	.	....	....	....	.	.	.	....
सांनि़धप	मग् रिसा	सा	प	सां	सांरिंगं रिं	सां नि़ ध प	मग् रिसा	रि म	प ग्
....	....	प	.	.	....	....	....	मु र	लि या
रि	रि म	प ग्	रि	रि म	प ग्	रि म	प –	म प	– म
.	मु र	लि या	.	मु र	लि या	– ब	जा –	ब जा	– ब

राग काफ़ी

चारताल

गीत

स्थाई—आये री मोरे धाम श्याम, कुंवर कान,
जिनके चरणन नैनन पलकनसौं परसौं।

अंतरा—बंसीधर मृदुल अधर, बाजे रङ्ग राग मधुर,
नाचत थैथै नटवर, आये लाये गरसौं, हियरे सरसौं॥

मात्रा विभाग १२. चारताल ताल विभाग १, ५, ९, ११. खाली ३, ७,

स्थाई

						प		म	स		
					नि॒	ध	प	ग॒	रि	म	म
					आ	•	ये	री	•	मो	रे
×		०		५		०		९		११	

				म	स		रि		नि॒	म	स
प	–	प	ध	ग॒	रि	म	ग	म	प	ग॒	रि
धा	•	म	श्या	•	म	कुं	व	र	का	•	न
×		०		५		०		९		११	

		म	स							प	
स	रि	ग॒	रि	म	पम	ध	प	सं	नि॒	ध	प
जि	न	के	•	च	र॰	न	न	नै	•	न	न
×		०		९		५		९		११	

				म	स			म	स	रि	
ग	म	नि॒	प	ग॒	रि	नि॒	प	ग॒	रि	नि॒	स
प	लै	क	न	सौं	•	प	र	सौं	•	•	•
×		०		५		०		९		११	

		म	प	ध		प		म	स		
स	रि	ग॒	म	प	नि॒	ध	प	ग॒	रि	म	म
आ	•	•	•	•	•	•	ये	री	•	मो	रे
×		०		५		०		९		११	

अंतरा

म	–	प	–	नि	नि	सं	सं	सं	रिं नि	सं	सं
वं	•	सी	•	ध	र	मृ	दु	ल	अ	ध	र
×		०		५		०		६		११	
नि॒ प	म	प म	प	म ग॒	स रि	नि॒	प ध	पम	नि॒प		सां
वं	•	सी	•	ध	र	मृ	दु	ल •	अ •	ध	र
×		०		५		०		६		११	
रिं	सां	मं रिं	पं	मं ग॒ं	रिंसां	रिं	नि	स	नि॒	प ध	प
बा	•	ज	त	र	स •	रा	•	ग	म	धु	र
×		०		५		०		६		११	
नि॒ म	नि॒ प	नि	सां	रिं	मं ग॒ं	सां रिं	सां	स		प ध	प
ना	•	च	त	थै	०	थै	•	न	ट	व	र
×		०		५		०		६		११	
ग	म	नि॒	प	म रि	म ग॒	रिसा	रि	नि॒		म ग॒	सा रि
आ	•	ये	•	ला	•	ये •	•	ग	र	सों	०
×		०		५		०		६		११	
रि रिं	नि॒	प ध	प	ग	म	नि॒	प	म ग॒	सा रि	रि नि॒	स
ही	य	रे	•	•	•	स	र	सों	•	०	•
×		०		५		०		९		११	
स	रि	म ग॒	प म	ध प	नि॒	ध	प	म ग॒	सा रि		म
आ	•	•	ऽ	•	•	•	ये	री	•	मो	रे
×		०		५		०		९		११	

परिशिष्ट

१. वायलिन

हिन्दुस्तान में पाश्चात्य सभ्यता एवं संस्कृति का प्रभाव न केवल आचार-विचार, रहन-सहन, खान-पान आदि पर पड़ा, अपितु यहाँ की कला पर भी पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति का अत्यधिक प्रभाव पड़ा है। यह प्रभाव कम या अधिक मात्रा में हमारे साहित्य, चित्र, मूर्ति तथा भवन-निर्माण-कला आदि सभी में पाया जाता है। इसी प्रकार संगीत में भी पाश्चात्य संस्कृति को किसी न किसी रूप में अपना लिया गया है। किसी भी अन्य कला की अपेक्षा संगीत में पाश्चात्य प्रभाव नगण्य रूप में है। क्योंकि अन्य कलाओं में न केवल पाश्चात्य सामग्री ही अपनायी गई है अपितु पाश्चात्य शैलियों का भी अनुकरण किया गया है; किन्तु संगीत के क्षेत्र में हमने उनके कुछ वाद्यों को अवश्य अपनाया है, किन्तु उनकी शैली का तनिक भी प्रभाव हमारे शास्त्रीय संगीत पर नहीं पड़ा है।

जिन पाश्चात्य वाद्यों को हिन्दुतानी संगीत के लिये अपनाया गया है उनमें न केवल भारतीय रागों का वादन होता है अपितु उनके वादन की प्रविधि भी भारतीय ढंग को बना ली गई जो पाश्चात्यों की दृष्टि में दोष-पूर्ण है, किन्तु भारतीय दृष्टि से वही सुविधाजनक है। ऐसे वाद्यों में जो पश्चिम से आये हैं और जिनका प्रयोग भारतीय शास्त्रीय संगीत के लिए उचित ठहरा दिया गया है उनमें से वायलिन एक सर्वप्रमुख वाद्य है। वायलिन का प्रचार आज हमारे देश में इतना अधिक है कि कोई संगीत-प्रेमी व्यक्ति चाहे भारतीय वीणाओं से परिचित न हो, पर वह विदेशी वायलिन से परिचित अवश्य होगा। उत्तरभारत तथा दक्षिण भारत में संगीत के अन्य भारतीय वाद्यों के साथ वायलिन की भारतीय ढंग पर शिक्षा भी दी जाती है, और यह देखा जाता है कि संगीत सीखने वाले अधिकांश विद्यार्थी वायलिन सीखने को इच्छुक रहते हैं।

संक्षिप्त परिचय

जिस वायलिन की चर्चा हम ऊपर कर आये हैं, उसका जन्म-स्थान योरुप है। यद्यपि भारत की प्राचीन प्रस्तर मूर्तियों में कहीं-कहीं इसी प्रकार का वाद्य बजाते हुए चित्रित किया गया है, किन्तु अभी तक इस विषय में अधिक खोज न हो सकने के कारण यह निश्चयात्मक ढंग से नहीं कहा जा सकता कि इसका पूर्व रूप क्या था और योरुप के वर्तमान वायलिन से इसका क्या सम्बन्ध है। किन्तु आज यह सभी स्वीकार कर चुके हैं कि वायलिन के वर्तमान रूप का विकास इटली में हुआ है और भारत में इसका प्रचार अंग्रेज़ों के युग से हुआ है। किन्तु भले ही यह अंग्रेजों की देन हो और भले ही यह वाद्य योरुप का हो, किन्तु भारत में इसके प्रचार के साथ-साथ इसकी शुद्धि कर ली गयी है और इसे पूर्ण भारतीय बना लेने की चेष्टा की गयी है। इसकी शुद्धि तीन प्रकार से की गयी है:—पहली शुद्धि यह कि इसमें

बजाई जाने वाली वस्तु भारतीय होने लगी, अर्थात् पाश्चात्य धुनों के स्थान पर राग-रागिनी बजने लगीं। दूसरी शुद्धि यह कि इसके बजाने की प्रविधि को भारतीय ढाँचे पर ढाल लिया गया अर्थात् योरुप में खड़े होकर बजाते हैं या कुर्सी पर बैठकर, भारत में जमीन पर बैठकर पल्थी मार कर बजाने लगे। योरुप में इसमें लगी टेलपीस को ठोढ़ी के बगल से दाब कर बजाते हैं और भारत में पैर की एड़ी के ऊपर रखकर इसे बजाने लगे।—तीसरी शुद्धि यह कि योरुप में इसे वायलिन के नाम से पुकारते हैं और भारत में इसे बेला (एक पुष्प विशेष) के नाम से पुकारने लगे। इस प्रकार वायलिन की पूर्ण शुद्धि हो चुकी है।

वादनशैली, प्रविधि एवं प्रयोग

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि भारत में वायलिन को बैठकर ही बजाते हैं, लेकिन उसके पकड़ने के ढंग में कलाकार अपनी सुविधानुसार दो तरीके अपनाता है। कुछ कलाकार वायलिन के फिंगरबोर्ड के सिरे को जहाँ खूँटियाँ लगी रहती हैं अपने बायें पैर की एड़ी के पास रख लेते हैं और कुछ कलाकार उसे हाथ की गदेली का सहारा देते हुये उठाये रहते हैं। पहले तरीके को ही अधिकांश कलाकार अपनाते हैं क्योंकि उस प्रकार वायलिन रख लेने पर हाथ से साधना नहीं पड़ता और मींड तथा गमक के प्रयोग के प्रयोग के लिये अंगुलियों स्वतन्त्रता से आगे पीछे हट सकतीं हैं किन्तु दूसरे प्रकार से वायलिन को पकड़ने से एक स्थान पर हाथ रखते हुए भिन्न तारों पर अंगुलियाँ तो स्वतन्त्रतापूर्वक चलाई जा सकती हैं और एक अथवा दो स्वरों की मींड भी ली जा सकती है, किन्तु दो से अधिक स्वरों की मींड तथा गमक की तान आदि के लिये पहले ढंग से ही वायलिन को रखना पड़ेगा।

हिन्दुस्तानी संगीत में वायलिन वादन की दो शैलियों का प्रयोग होता है। प्रथम शैली में वायलिन वादन गान से अधिक प्रभावित रहता है और द्वितीय शैली में उन भारतीय वाद्यों का प्रभाव रहता है जिनको मिजराप अथवा जवा से बजाया जाता है, जिन्हें हम वाद्यों के वर्गीकरण में तत वाद्य कहते हैं। वायलिन वादन की वास्तविक प्रविधि सारंगी, दिलरुबा आदि से मिलती जुलती है, चूँकि इन भारतीय वाद्यों को गज से ही बजाया जाता है, अतएव स्वभाव और स्वरूप दोनों की दृष्टि से वायलिन एक गज़ वाला 'तत' वाद्य है। इन वाद्यों की ध्वनि गज़ की सहायता से निकलने के कारण उसमें मानव कंठ के समान ही स्वर को बिना काटे आवश्यकतानुसार लम्बा करने की क्षमता होती है और यही कारण है कि आजकल गज़ से बजने वाले वाद्यों के द्वारा गायक की संगत करने का प्रचलन हो गया है। अतएव अनेक भारतीय संगीत के विद्वानों का मत है कि वायलिन भी कंठ की संगत के लिये उपयुक्त वाद्य है और इसीलिये यदि इसे स्वतंत्र रूप से भी बजाया जाय तो भी इसमें गान शैली का ही प्रयोग होना चाहिए। किन्तु कुछ वायलिन वादक यह अनुभव करते हैं कि वायलिन का गज सारंगी तथा दिलरुबा के गज़ से अधिक हलका रहने के कारण उसे आसानी से शीघ्रतापूर्वक हिलाया जा सकता है और ऐसा करने से उन्हें मिजराव के बोलों के ढंग से ही स्वर कटता दिखाई पड़ता है। वायलिन की इस विशेषता के कारण इसके वादन को हम मिजराव वाले तत वाद्यों की शैली पर ढाल सकते हैं। जिन लोगों ने इसका प्रयोग किया है वे यद्यपि अपने वादन में सफल हुये हैं और उन्होंने इस प्रकार गज़ के वाद्य में एक नये दृष्टिकोण का निर्माण किया है, फिर भी देश के अधिकांश वादकों ने वायलिन पर गान-शैली के प्रभाव को ही स्वीकार किया है।

'हमारे देश में अबतक वायलिन का प्रचार जितना दक्षिण भारत में है उतना उत्तर भारत में नहीं हैं। दक्षिण भारत ने इस वाद्य को गान शैली के अनुकरण के लिये ही स्वीकार किया है। यह एक आश्चर्य की बात है कि दक्षिण भारत में न

केवल वायलिन में ही गान का अनुकरण होता है अपितु वहाँ वीणा वांसुरी आदि सभी वाद्यों पर गान ही बजाया जाता है। हाँ, गान के साथ संगत करने के लिये वे केवल वायलिन का ही प्रयोग करते हैं। और वायलिन की संगत को वे इतना महत्त्व प्रदान कर चुके हैं कि न केवल गान के साथ ही वायलिन से संगत होती है अपितु वीणा और वांसुरी आदि के वादन के साथ भी वायलिन से संगत करने की परम्परा हो गयी है।

उत्तर भारत में गान की संगत के लिए केवल वायलिन ही नहीं है। यहाँ का गान की संगत का मुख्य वाद्य सारंगी है। कभी-कभी दिलरुवा से भी गायन की संगत हुआ करती थी किन्तु उसका प्रचार नहीं रहा। सारंगी की पूर्णता और सुलभ प्राप्ति के कारण यहाँ के प्रत्येक वायलिन वादक को गायक की संगत करने के लिए विवश नहीं होना पड़ा, तथा उन्हें वादन के लिए स्वतन्त्र अवसर अधिक प्राप्त होते हैं, यह भी एक कारण रहा जिससे कुछ वायलिन वादकों ने अपने वादन की शैली में भी परिवर्तन करने का अवसर प्राप्त कर लिया। इस प्रकार उत्तर भारत में अब भी इन दोनों शैलियों के वादक मिलते हैं।

वायलिन वादन की दोनों शैलियाँ उत्तर भारत में प्रचलित हैं जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, फिर भी हम यह उचित समझते हैं कि इस वाद्य का अभ्यास विद्यार्थी इसके अनुरूप ही करें। अर्थात् गान शैली को ही अपनाएँ। भले ही जब वह वादन में निपुण हो जायँ तब आवश्यकता पड़ने पर गत शैली का भी प्रयोग करने लगें, किन्तु प्रारम्भ में गान शैली से अभ्यास करने पर विद्यार्थियों को तीन लाभ होंगे।

१—कंठ के द्वारा जिस प्रकार स्वरों पर ठहराव तथा उनका विस्तार होता है, जो राग की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होता है, उसका उन्हें ज्ञान होगा।

२—कंठ से निकलने वाले कण, मुर्की तथा विभिन्न प्रकार के कंपन का यथावत् ज्ञान होगा जो अन्य किसी एक वाद्य में नहीं प्राप्त होते।

३—सादे, अलंकृत तथा मींड युक्त स्वरों के प्रयोगों के लिए कंठ की क्षमता सर्वोपरि मानी गई है, अतएव उसके अनुकरण में विद्यार्थी को वायलिन में इन समस्त वस्तुओं की प्राप्ति सम्भव है।

वायलिन के विद्यार्थियों के लिए उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखकर ही हमने यहाँ वायलिन सम्बन्धी साधारण जानकारी दे देने का निश्चय किया, ताकि इस पुस्तक से उन्हें भी पूर्ण लाभ हो सके।


वायलिन के अंगों का परिचय

किसी भी वाद्य की शिक्षा प्राप्त करने के लिये साथ-साथ उस वाद्य के स्वभाव से तथा उसके अंगों से परिचय प्राप्त कर लेना चाहिए। इससे निम्न लिखित दो लाभ होते हैं :—

१—वाद्य के अवयवों के सम्बन्ध में हमें ज्ञान हो जाने पर उसकी सुरक्षा की व्यवस्था हम ठीक ढंग से कर सकते हैं।

२—यदि वाद्य में कोई खराबी आ गई है तो उसका कारण मालूम हो जाता है तथा उसके निराकरण की समुचित व्यवस्था करने में भी सहायता प्राप्त होती है।

अतएव अपने वाद्य के अंगों का परिचय प्रारम्भ में ही ठीक-ठीक प्राप्त कर लेना चाहिये। इसके लिए अगले पृष्ठ पर दिए चित्र को देखें।


वायलिन
पैगबक्स १३
नट १२
खूँटी ६
फिंगरबोर्ड ४
नैक ५
साउन्डपोस्ट ११
बेली १
ब्रिज ७
एडजस्टर ९
रिब २
चिनरेस्ट १४
बटन ३
टेलपीस ८
तार १०
बो (गज़)
स्क्रू ६
नट ५
स्टिक १
हैयर २
हैड ३

१. बेली :—यह वायलिन के शरीर का सबसे बड़ा भाग है जो ऊपर और नीचे रहता है। यह एक ऐसी लकड़ी होती है जो अत्यन्त हलकी और स्वरों की मिठास के लिये उपयोगी होती है।

२. रिब्ज :—यह वह लकड़ी अथवा हिस्सा है जो बेली के दोनों भाग को जोड़ता है। वायलिन के भीतर जो गहराई होती है वह इसी के कारण होती है।

३. बटन :—रिब्ज़ की लकड़ी में यह एक बटन अथवा छोटी खूँटी ऐसी वस्तु को ठोंक देते हैं, जिसमें टेलपीस की ताँत अथवा तार को बाँधते हैं।

४. फ़िंगर बोर्ड :—यह लकड़ी का लम्बा टुकड़ा है जो खूँटियों के स्थान से लेकर बेली के ऊपर तक बना होता है। इस लकड़ी के ऊपर से होकर वायलिन के तार गुजरते हैं तथा वादक की अँगुलियाँ इसी फ़िंगर बोर्ड पर चलती हैं।

५. नेक :—फ़िंगर बोर्ड को बेली तथा रिब्ज़ के सहारे एक विशेष लकड़ी के छोटे हिस्से की सहायता लेकर जोड़ देते हैं इसी छोटी लकड़ी को 'नेक' कहते हैं।

६. खूँटी :—वायलिन के तारों को बाँधने और उससे वांछित स्वर में ऊँचा-नीचा करने के लिये खूँटियाँ लगी होती हैं। इनकी संख्या चार होती है।

७. ब्रिज :—यह एक अत्यन्त हलकी लकड़ी का ऐसा हिस्सा होता है जिसके ऊपर से तार निकलते हैं। यह हिस्सा बेली में चिपका नहीं रहता, किन्तु तारों के कसाव के कारण यह सधा रहता है।

८. टेलपीस :—यह एक मजबूत लकड़ी का अथवा हड्डी का वह अंग है जो एक ओर से ताँत अथवा तार से बटन में बँधा रहता है और इसके दूसरे ओर वायलिन के तारों को फँसाने की व्यवस्था होती है।

९. अडजस्टर :—यद्यपि वायलिन के तारों को खूँटी से ही मिलाते हैं, फिर भी ध्वनि के अति सूक्ष्म अंतर को सरलता से समाप्त कर सही स्वर प्राप्त करने के लिये अडजस्टर का प्रयोग किया जाता है। यह एक प्रकार के पेंच होते हैं जिन्हें टेलपीस में, जहाँ तार फँसाने की व्यवस्था होती है वहीं, लगाते हैं और तारों को इनसे फँसा देते हैं। तत्पश्चात् जैसे जैसे पेंच कसते हैं, स्वर ऊँचा चढ़ता है और जब पेंच ढीला करते हैं तब स्वर नीचा होने लगता है।

१०. तार :—वायलिन में चार चार तार होते हैं। कुछ समय पहले तक इसके तार के स्थान पर ताँत का प्रयोग हुआ करता था, किन्तु धीरे-धीरे अब धातु के तारों का प्रचार हो गया है। इसके चार तारों के नाम हैं G. D. A. और E. इनमें से G. D. A. तार कुछ विशेष प्रकार के बने होते हैं। इनमें मुख्य तार के साथ-साथ सूक्ष्म चाँदी अथवा एलमुनियम के तार लपेटे रहते हैं।

११. साउन्ड पोस्ट :—यह एक विशेष प्रकार से बनी लकड़ी की ऐसी कील है जो ब्रिज के नीचे बेली के दोनों भागों को छूती हुई खड़ी रहती है। वायलिन बजने पर ब्रिज में जो सूक्ष्म कंपन होता है वह इस विशेष कील के सहारे समस्त बेली में कंपन पैदा कर देता है और इस प्रकार उस वायलिन की गूँज बढ़ जाती है। इसीलिये इसे साउन्ड पोस्ट कहते हैं। यह साउन्ड पोस्ट वायलिन में बने हुए साउन्ड होल्स से देखा जा सकता है।

१२. नट अथवा अटी :—फ़िंगर बोर्ड के एक किनारे पर तार जिस लकड़ी के छोटे से टुकड़े से होकर गुजरता है, जिस पर तार के गुज़रने के लिये साधारण खाँचे बने होते हैं उसे नट अथवा अटी कहते हैं।

१३. पेग बक्स :– पेग बक्स अथवा सिरा वायलिन का वह ऊपरी भाग है जिसमें खूँटियाँ रहती हैं, जिसके एक छोर पर नट और दूसरा छोर घुमावदार बना होता है।

१४. चिनरेस्ट :—एक ऐसा हिस्सा जिस पर ढोढ़ी रक्खी जाती है। जो लोग वायलिन को खड़े होकर बजाते हैं वे अपनी ढोढ़ी को इसी टुकड़े पर रखकर वायलिन को दाबे रहते हैं जिससे उनका हाथ अपने कार्य के लिये मुक्त रहता है।

वायलिन के वादन के लिए 'बो' अथवा गज़ का प्रयोग करते हैं। इस गज के पाँच मुख्य अंग होते हैं जो निम्नलिखित हैं :—

१. स्टिक—लकड़ी की छड़ी, यह लगभग ढाई फ़ीट लम्बी होती है।

२. हेयर—इस लकड़ी में बाल बँधे रहते हैं जो घोड़े के होते हैं।

३. हेड—गज़ का वह सिरा जिधर पेंच नहीं होता, अर्थात् गज़ को जिस ओर पकड़ते हैं उसके दूसरी ओर का सिरा।

४. स्क्रू—वह पेंच जिससे गज़ में लगे हुए बालों के तनाव को कसा अथवा ढीला किया जाता है।

५. नट—जहाँ पेंच लगा होता है उसी के पास गज़ के बालों को बाँधने के लिए लगा रहता है।

गज़ के समस्त अंगों का परिचय हो जाने पर तथा गज़ उपर्युक्त ढंग से बिलकुल ठीक रहने पर भी जब वायलिन बजाने के लिए प्रयुक्त होगी तब उसमें से स्वर नहीं निकलेगा। क्योंकि गज़ में लगे हुए बाल चिकने होते हैं, जो तार पर फिसलते रहेंगे और केवल फिसलन की ध्वनि ही उत्पन्न करेंगे। अतएव यह आवश्यक है कि बालों में कुछ खुरदुरापन आवे ताकि वह तारों से फिसलने के स्थान पर रगड़ खायें और इस प्रकार तार को झंकृत करें। बालों को खुरदुरा करने के लिए उसमें रेज़िन अथवा राजन लगाया जाता है। यह राजन गोंद का ही एक प्रकार है जो वायलिन खरीदते समय तथा पसारियों के यहाँ मिल सकता है।

वायलिन मिलाने की विधि

वायलिन मिलाने की पाश्चात्य प्रणाली में G. D. A. तथा E को क्रमशः मन्द्र सप्तक के मध्यम, मध्य सप्तक के षडज, मध्य सप्तक के पंचम तथा तार सप्तक के रिषभ में मिलाते हैं। वायलिन को मिलाने की यह विधि हिन्दुस्तान को छोड़कर समस्त विश्व में एक सी है। हिन्दुस्तान में उपरोक्त प्रकार से मिलाकर वायलिन को बजाने वाले बहुत कम लोग हैं। चूँकि हमारे देश में इस वाद्य पर अपना शास्त्रीय संगीत अपनी प्रविधि से बजाने का रिवाज़ चल पड़ा है, अतएव वायलिन के तारों को भी मिलाने की विभिन्न विधियाँ प्रचार में देखी जाती हैं, जिन्हें यहाँ विद्यार्थियों की जानकारी के लिए दिया जाता है। और उसके बाद उनमें कौन सी विधि उत्तम है इस पर विचार किया जायगा।

तारों के नाम—	G	D	A	E
	प	रि	ध	ग
पाश्चात्य प्रणाली—	म़	स	प़	रें
भारतीय प्रणाली १—	सा	प	रिं	ध
„ „ २—	म़	स	प	सं
„ „ ३—	प़	स	प	सं
„ „ ४—	स़	प़	स	प
„ „ ५—	स़	म़	स	म
„ „ ६—	म़	स	म	सं

उपरोक्त भारतीय विभिन्न प्रणालियों में पहली विधि का विशेष प्रचार है। 'ई' के तार को तार सप्तक के रिषभ के स्थान पर यदि तार षड्ज में मिलाया जाय तो कोमल रिषभ लगने वाले रागों को बजाने में अधिक सहूलियत प्राप्त हो जाती है। तीसरी, चौथी और पाँचवां विधि से तार प्रायः उस समय मिलाये जाते हैं जब वादक या तो ठुमरी और हल्की चीज़ें बजाना चाहता है, अथवा वादक यह चाहता है कि वह अपना प्रारम्भिक षड्ज ही कुछ ऊँचा रखे। मेरी अपनी राय में वायलिन पाश्चात्य पद्धति से मिलाना चाहिए, किन्तु उन रागों में जिनमें कोमल रिषभ का प्रयोग होता है, सुविधा के लिए यदि तार-रिषभ के स्थान पर तार-षड्ज में 'ई' तार को मिला लिया जाय तो क्षम्य होगा।


C.	D.	E.	F.	G.	A.	B.	C.
सा	रि	ग	म	प	ध	नि	सां

२. तबला

जिस प्रकार काव्य को नियंत्रित तथा व्यवस्थित रखने के लिये छंद शास्त्र की आवश्यकता हुई उसी प्रकार गान तथा वादन के स्वरों को नियंत्रित तथा व्यवस्थित रखने के लिये लय, मात्रा और ताल के निर्माण की आवश्यकता हुई। हम जिस वस्तु का गान कर रहे हैं उसकी लय कौन सी है, उसकी प्रत्येक पंक्ति में मात्रायें कितनी हैं तथा उसकी ताल कौन सी है यह हमारे लिये जानना आवश्यक होता है। इन सभी बातों की जानकारी के लिये तालयंत्र बने हुये हैं, जिनसे गायक को इस बात का स्पष्ट संकेत मिलता रहता है कि उसके गान की वर्तमान लय कौन सी है, किस मात्रा से होकर वह गुज़र रहा है तथा उसे कुल कितनी मात्राओं के नियंत्रण में रहना है अर्थात् किस ताल को वह गा रहा है। प्रत्येक तालयंत्र में ताल की सम्पूर्ण मात्राओं के बोध के लिये ऐसे बोलों का गठन होता है जिससे उसको सुनते ही यह मालूम हो जाता है कि यह अमुक ताल की अमुक मात्रा है।

हिन्दुस्तान में ताल वाद्यों का प्रचार अति प्राचीन काल से चला आ रहा है। दुन्दुभी, आदम्बर, वानस्पति, भेरी, मृदंग, डिमडिम आदि अति प्राचीन ताल यंत्र हैं। वर्तमान समय में मृदंग, ढोलक, नगाड़ा, खोल, मादल, खंजली, ढंफ तबला आदि तालयंत्र प्रचलित हैं किन्तु उनमें सर्वाधिक प्रचार में तबला ही है, जो शास्त्रीय तथा सुगम संगीत सभी में एक सी सफलता और सरलता से प्रयुक्त होता है। अतएव प्रत्येक गायक वादक को तबला के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करना अनिवार्य है। अतएव यहाँ तबला सम्बन्धी कुछ बातें लिखी जाती हैं।

तबला के सम्बन्ध में अन्य किसी बात को समझने के पूर्व हमें उसके अंगों से परिचय प्राप्त कर लेना चाहिये; अतएव निम्न चित्र को ध्यान से देखें :—



तबला के अंग

तबला दो हिस्सों में होता है। जो दाहिने हाथ से बजाया जाता है उसे 'दाहिना' कहते हैं और जो बायें हाथ से बजाया जाता है उसे बायां कहते हैं। 'दाहिने' को तबला तथा बायें को डुग्गी अथवा डग्गा भी कहते हैं।

दाहिने तबले के विभिन्न अंग

दाहिने तबले का शरीर लकड़ी का होता है। तबला के लिये विजयसार, खैर, चन्दन, सीसम, नीम आदि की लकड़ियाँ अच्छी मानी जाती हैं। दाहिने की लकड़ी भीतर आधी से अधिक खोखली होती है तथा ऊपर का मुँह खुला होता है, जहाँ उसे खाल से मढ़ते हैं।

पुड़ी :—तबले की लकड़ी का मुँह जिसे चमड़े से ढका जाता है तथा जिस चमड़े के ऊपर चाँटी की खाल तथा स्याही लगी होती है उस समस्त भाग को 'पुड़ी' कहते हैं।

स्याही :—पुड़ी के बीच में चन्द्राकार जो काला मसाला रखा रहता है उसे 'स्याही' कहते हैं। तबले का अच्छा और बुरा बोलना अधिकांश इस स्याही की बनावट पर ही निर्भर रहता है। अतएव तबला बनाने वालों में स्याही रखने का काम करने वाले विशेष व्यक्ति होते हैं।

चाँटी :—पुड़ी के चारों ओर गोलाई से चमड़े की लगभग एक इञ्च चौड़ी पट्टी ऊपर से मढ़ी होती है, उसी को 'चाँट' अथवा 'चाँटी' कहते हैं।

लव :—चाँट और स्याही के बीच जो स्थान पुड़ी में होता है उसे 'लव' अथवा 'नाली' कहते हैं।

गजरा :—पुड़ी तथा चाँटी की खाल चारों ओर कुछ विशेष चमड़े की पट्टियों से मढ़ी रहती है इसे 'गजरा' कहते हैं। इस गजरे में सोलह घर अथवा छिद्र बनाये जाते हैं जहाँ से बद्धी पिरोई जाती है, जो पुड़ी को कसने अथवा ढीला करने के काम आती है।

बद्धी :—यह चमड़े की डोरी है जो तबला के कसाव में सहायता देती है।

गुड़री :—जिस प्रकार पुड़ी के कसाव के लिये ऊपर बद्धी गजरा से होकर गुज़रती है उसी प्रकार नीचे बद्धी का फेरा 'गुड़री' से होता है। गुड़री, बद्धी के चमड़े को ही कई फेरे में लपेट कर बना लेते हैं।

गट्टा :—पुड़ी के कसाव को इच्छानुसार घटाने और बढ़ाने के लिये 'गट्टों' का प्रयोग होता है। 'गट्टे' छोटे-छोटे लकड़ी के गोल टुकड़े होते हैं जो बद्धी से दबे रहते हैं। तबले का स्वर ऊँचा करने के लिये इन्हीं गट्टों अथवा गुल्लियों को हथौड़ी मार कर नीचे की ओर उतारते हैं तथा स्वर नीचा करने के लिये गट्टों को ऊपर की ओर अर्थात् पुड़ी की ओर ले जाते हैं।

बायें अथवा डुग्गी के विभिन्न अंग

कूँड़ी :—जिस प्रकार दाहिना तबला लकड़ी का होता है उसी प्रकार बायां अथवा डुग्गी का आकार अधिकतर मिट्टी का होता है। परन्तु बार-बार टूट जाने के भय से अब ताँबे, पीतल, जर्मन सिल्वर तथा कहीं कहीं लोहे की कूँड़ियाँ

बनने लगी हैं। पंजाब में लकड़ी के बायें भी प्रयोग में लाये जाते हैं, लेकिन उनका आकार दाहिने तबले जैसा ही होता है और बजाते समय स्याही के स्थान पर मृदंग के सदृश आटा बरता जाता है। मृदंग को बीच से काटकर तबला, बायां बनाया गया है, ऐसा जो माना जाता है, यह लकड़ी का बायां उस परम्परा का द्योतक है। इसे बायां न कहकर 'बामा' कहते हैं। बायां के आकार के अतिरिक्त उसमें प्रयुक्त होने वाली सभी सामग्री उसी प्रकार की होती है जैसा कि दाहिने तबले के सम्बन्ध में बताया गया है। अतएव यहाँ पुनः उन समस्त बातों की पुनरुक्ति न करते हुये केवल इतना कह देना पर्याप्त होगा कि दाहिने तबले से बायें की पुड़ी लगभग ड्योढ़ी बड़ी होती है, और इसलिये उससे गंभीर ध्वनि निकलती है। बायां को किसी स्वर विशेष में मिलाने की प्रायः आवश्यकता नहीं समझी जाती, किन्तु गुरुदेव पं० विष्णु दिगम्बरजी की परम्परा में बायें को भी खरज में मिलाने की प्रथा है। इसे मिलाने के लिये गजरे पर ऊपर या नीचे की ओर ठोक दिया जाता है। इसीलिये उसके सामान्य कसाव के लिये बद्धियाँ तो होती हैं किन्तु उसमें गट्टे नहीं लगाये जाते। शेष सामग्री बहुत कुछ दाहिने तबले की सी रहती है।

तबला मिलाना

तबले को मुख्य रूप से तीन ही स्वरों में मिलाया जाता है और वह है षड्ज, मध्यम तथा पञ्चम। तबले का मिलाना गायक की इच्छा पर निर्भर करता है। यदि गायक षड्ज में चाहे तो षड्ज में अथवा पंचम में किन्तु जिन रागों में पञ्चम दुर्बल है अथवा वर्जित है उनमें मध्यम में मिलाने को कहे तो तबला बादक उसी के कथनानुसार कार्य करेगा।

आजकल तार-षड्ज में भी तबला मिलाने की प्रथा हो गई है। यह प्रथा कत्थक लोगों ने चलाई हो ऐसा प्रतीत होता है, क्योंकि कत्थक नृत्य के समय ऊँचे स्वर में बोल सुनाई दे इस प्रयोजन से तार स्वर में तबला मिलाना वांछनीय समझा गया होगा। तार षड्ज में बोलने वाले तबले की पुड़ी कम चौड़ी होती है जिससे उनका हाथ सरलता से चल जाता है और ऊँचा स्वर होने के कारण तनिक श्रम से ही बहुत ज़ोरदार आवाज़ सुनाई पड़ती है। अतएव आज के अधिकांश तबला वादक ऊँचे स्वर का तबला बजाना ही अधिक पसन्द करते हैं, किन्तु ख़्याल तथा ध्रुवपद गायकी में इसका प्रयोग नितान्त अखरता है। क्योंकि उससे ध्वनि की अपेक्षित गंभीरता प्राप्त नहीं होती। यों तो ध्रुवपद की संगत पखावज से ही करना उचित है, किन्तु जो तबला से संगत करें वे भी ऊँचे स्वर में तबला न मिलाएं।

तबला सम्बन्धी कुछ परिभाषाएँ

ठेका :—किसी ताल की मात्राओं तथा विभागों के अनुरूप जिसमें उस ताल के छन्द की दृष्टि से प्रतिनिधित्व होता हो ऐसे कुछ वर्णों का निश्चित गठन उस ताल का ठेका (अथवा बोल) कहलायगा। उदाहरण के लिये तीन ताल का ठेका और उसकी तालें और मात्रायें देखिए—

तीन ताल की मात्राएँ—	१ २ ३ ४	५ ६ ७ ८	९ १० ११ १२	१३ १४ १५ १६
तीन ताल की ताल—	×	२	०	३
तीन ताल का ठेका—	धा धिं धिंधा	धा धिं धिंधा	धा तिं तिं ता	ता धिं धिंधा

आवृत्ति :—किसी ताल के एक पूरे चक्कर को एक 'आवृत्ति' कहते हैं। उदाहरण के लिए यदि तीन ताल को हम पहली मात्रा से सोलहवीं मात्रा तक बोल जाँय तो उसका एक चक्कर पूरा हो जायगा अर्थात् उसकी एक आवृत्ति पूरी हो जायगी। इसी प्रकार ताल के जितने चक्कर होते जाँयगे उतने ही उसके आवर्तन सम्पूर्ण हुए माने जाँयगे।

तिहाई :—किसी बोल को जब एक ही ढंग से तीन बार बजाकर सम पर आते हैं, तब उसे तीहा अथवा तिहाई कहते हैं। तिहाई मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है—१. दमदार तिहाई ; इस प्रकार की तिहाई में बोल को प्रत्येक बार बजाकर एक मात्रा अथवा कभी-कभी इससे भी अधिक की विश्रांति होती है। २. बेदम तिहाई, इस प्रकार की तिहाई है जिसमें बोल को एक बार बजाकर विश्रांति तनिक भी नहीं देते। इन दोनों प्रकार की तिहाइयों के निम्नलिखित उदाहरण हैं—

दमदार तिहाई :—

तिरकिट तक ता – तिरकित धाती धा ऽ

तिरकिट तक ता – तिरकिट धाती धा ऽ

×

तिरकिट तक ता – तिरकिट धाती धा

बेदम तिहाई :—

तिट कत गदि गन धा

तिट कत गदि गन धा

×

तिट कत गदि गन धा

मुखड़ा :—वह बोल जो एक आवृत्ति से कम का हो तथा जिसे बजाकर सम पर आया जाता है। इसे 'उठान' का छोटा रूप भी कह सकते हैं।

मोहरा :—वह बोल जो एक आवृत्ति से कम हो तथा तिहाई के साथ समाप्त होता हो। मुखड़ा और मोहरा में मुख्य अन्तर यही है कि मुखड़ा की समाप्ति तिहाई से नहीं होती; किन्तु मोहरा में तिहाई भी प्रयुक्त हो जाती है।

उठान :—वह बड़ा और ज़ोरदार बोल जिसे तबला वादक अपना ठेका प्रारम्भ करने से पूर्व बजाता है। उठान का प्रयोग विशेष रूप से कत्थक-नृत्य को प्रारम्भ करते समय किया जाता है।

पेशकारा :—वह बोल है जिसको तबला वादक स्वतंत्रवादन के समय ठेका प्रारम्भ करते ही बजाते हैं। यह बोल ठेका की ताली खाली आदि के आधार पर निर्मित होता है तथा कुछ लोचदार लयकारी इन बोलों में रहती है। इसका प्रारम्भ प्रायः 'धी क्ड़ धिंता' से ही होता है।

क़ायदा :—वह बोल कहाते हैं जिनका गठन ताल की ताली-खाली के आधार पर होता है। क़ायदा और पेशकारा के लक्षण लगभग एक से हैं, किन्तु उनमें कुछ मौलिक अंतर है और वह निम्नलिखित है—

१—पेशकारा प्रायः 'धी क्ड़ धिता' के ढंग के बोलों से ही प्रारम्भ होता है, क्योंकि क़ायदा का प्रारम्भ किसी प्रकार के बोलों से हो सकता है।

२—क़ायदा में विकास समूचे बोलों का होता है तथा उस विकास में नये बोलों का प्रयोग नहीं होता, अपितु क़ायदा के मुख्य बोलों को ही हेर फेर के साथ बजाया जाता है जबकि पेशकारा में बोल के अन्तिम भाग में विकास होता है तथा इस विकास में नए बोलों का प्रयोग उचित समझा जाता है।

टुकड़ा :—ऐसा बोल जो प्रायः एक आवृत्ति का होता है और जिसके शब्दों की गति खण्ड करती हुई मालूम देती है। टुकड़ा तिहाईदार और सादा दोनों प्रकार का होता है। टुकड़ा को ध्यान से सुनने से ऐसा मालूम होता है मानो वह किसी बड़े बोल का एक भाग हो।

परन :—वह बोल है जो दो आवृत्ति अथवा उससे अधिक का हो तथा जिसे खुला हुआ बजाया जाता हो। परन प्रायः मृदंग के बोलों के आधार पर निर्मित होती है तथा इसीलिए उसके बजाने में भी तबले की नाली तथा स्याही के भाग का ही अधिक प्रयोग होता है।

रेला :—वह बोल जिसे छैगुन, अठगुन अथवा इससे भी अधिक द्रुतगति में बजाते हुए बोलों के क्रम में परिवर्तन लाकर विकास किया जा सके। कुछ क़ायदे भी ऐसे होते हैं जिन्हें रेला का रूप देना संभव होता है, कभी-कभी किसी क़ायदे के एक भाग को ही लेकर उसका रेला बना लेते हैं।

गत :—टुकड़ा तथा परन के ढंग पर ही, किन्तु उससे सर्वथा भिन्न प्रकार के बोल को गत कहते हैं। गत का गठन कुछ ऐसे बोलों के आधार पर होता है जिसमें विभिन्न प्रकार की लयकारी समाविष्ट हो सकें। वास्तव में गत तबले का श्रेष्ठ काव्य है जिसके गठन की सुन्दरता, बोलों का सौष्ठव उसे अपने चरम-विकास पर ले गया है। तबले में रचना का सौन्दर्य जितना गतों में मिलता है उतना और किसी प्रकार के बोलों में नहीं होता।

चक्करदार :—वह बोल अथवा तिहाई जो पूरी-पूरी तीन बार बजने पर समय पर आवे। चक्करदार बोल तथा चक्करदार तिहाई यह दोनों ही तबले में प्रयुक्त होते हैं।

लग्गी :—वह बोल जो कहरवा, दादरा आदि में दुगुन में कुछ झूमती हुई लय में बजाये जाते हैं। यह द्रुत लय में बजते हैं किन्तु इनमें लोच तथा रंगीलापन बहुत होता है। इस प्रकार के लग्गी के बोलों का प्रयोग भजन, ग़ज़ल, ठुमरी तथा आधुनिक गीतों में होता है। तबलावादक कुछ समय तक लग्गी के बोल बजाकर तिहाई लगाकर अपना वास्तविक ठेका पुनः पकड़ लेता है।

———

लेखक के अन्य प्रकाशन

१. संगीताञ्जलि—द्वितीय भाग (संगीत प्रवेशिका द्वितीय वर्ष का पाठ्यक्रम) मूल्य ३)
२. संगीताञ्जलि—तृतीय भाग (जूनियर डिप्लोमा का पाठ्यक्रम) । मूल्य ५)
३. संगीताञ्जलि—चतुर्थ भाग (सीनियर डिप्लोमा का पाठ्यक्रम) । मूल्य ५)
४. संगीताञ्जलि—पञ्चम भाग (बी. म्यूज. प्रथम वर्ष का पाठ्यक्रम)
५. प्रणव-भारती—प्रथम भाग (श्रुति, स्वर, ग्राम, मूर्च्छना, जाति, वर्ण, अलंकार का विवरण) ६)

आगामी प्रकाशन

१. संगीताञ्जलि—षष्ठ भाग (बी. म्यूज. द्वितीय वर्ष का पाठ्यक्रम)
२. संगीताञ्जलि—सप्तम भाग (एम. म्यूज. प्रथम-वर्ष का पाठ्यक्रम)
३. संगीताञ्जलि—अष्टम भाग (एम. म्यूज. द्वितीय वर्ष का पाठ्यक्रम)
४. प्रणव-भारती—द्वितीय भाग (राग-वर्गीकरण, भरत का जातिगान, राग-रागिनी-परंपरा, मेल और थाट पद्धति तथा नूतन शास्त्रीय वर्गीकरण)
५. प्रणव-भारती—तृतीय भाग (राग और रस । रस-शास्त्र-परिभाषा का संगीत में उपयोग, नायक-नायिका-भेद का राग-रागिनियों के साथ संबन्ध)

कवर मुद्रक—सन्मति मुद्रणालय, दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी